हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–224 : जौनपुर, सोमवार 13 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रधानमंत्री द्वारा सामूहिक शिव अर्चना के उपरान्त कारिडोर का किया गया लोकार्पण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुभ मुहुर्त में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन करने के अवसर पर शिव सत्संग मण्डल आश्रम ग्राम हुसेनापुर धौकल स्थित सिद्धनाथ बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं भक्तों द्वारा सामूहिक शिव अर्चना एवं प्रार्थना कर स्वच्छता,नवसृजन एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने का शिव संकल्प लिया गया।सभी श्रद्धालु भक्तजन आश्रम परिसर से पुष्प,जल,प्रसाद लेकर श्रद्धालु सिद्धनाथ बाबा मंदिर पहुंचे। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर में भगवान शिव की उपासना करने के बाद नवनीत गुप्ता ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र. एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता ने बताया कि पीएम मोदी के प्रयासों से अब काशी विश्वनाथ मंदिर और मंदिर में 50–60 हजार श्रद्धालु आ सकते हैं। देशवासियों के लिए महादेव का आशीर्वाद शुभ एवं मंगलमय है।काशी विश्वनाथ मंदिर को गंगा घाट से जोड़ने का पीएम मोदी का सपना आज साकार हो गया। यह प्रोजेक्ट पांच लाख वर्ग फीट में फैला है और इसमें 40 प्राचीन मंदिरों का पुनरोद्धार एवं उनका सौंदर्यीकरण किया गया है। शिव सत्संग मण्डल के अध्यक्ष आचार्य अशोक ने प्रधानमंत्री के शब्दों को रेखांकित करते हुए कहा, 'काशी अहिंसा, तप की प्रतिमूर्ति चार जैन तीर्थंकरों की धरती है. राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा से लेकर वल्लभाचार्य, रमानन्द जी के ज्ञान तक, चौतन्य महाप्रभु,समर्थगुरु रामदास से लेकर स्वामी विवेकानंद,मदनमोहन मालवीय तक, कितने ही ऋषियों,आचार्यों का संबंध काशी की पवित्र धरती से रहा है. छत्रपति शिवाजी महाराज के चरण यहां पड़े थे. रानीलक्ष्मी बाई से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक, कितने ही सेनानियों



की कर्मभूमि–जन्मभूमि काशी रही है. भारतेन्दु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद, मुंशी प्रेमचंद,पंडित रविशंकर, और बिस्मिल्लाह खान जैसी प्रतिभाएं, इस स्मरण को जन जन तक ले जाएं।आगे बताया कि बनारस वो नगर है जहां से जगद्गुरू शंकराचार्य को श्रीडोम राजा की पवित्रता से प्रेरणा मिली, उन्होंने देश को एकता के सूत्र में बांधने का संकल्प लिया. ये वो जगह है जहां भगवान शंकर की प्रेरणा से महामना मदनमोहन मालवीय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की। यहीं की धरती पर सारनाथ में महात्मा बुद्ध का बोध संसार के लिए प्रकट हुआ।समाज सुधार के लिए कबीरदास जैसे मनीषी यहां प्रकट हुए। समाज को जोड़ने की जरूरत थी तो संत रैदास जी की भक्ति की शक्ति का केंद्र भी ये काशी बनी। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य कुंदन सिंह,नीरज,विपिन कुमार सिंह,अनुज तिवारी,अविरल बाजपेई,अनुराग श्रीवास्तव,रामपाल,मुनेश,मनोज,लालाराम,राम सेवक,शिव बख्श,राज बहादुर,अशोक,राम प्रताप सिंह, लल्लू,विनोद गुप्ता,मुगीराम,अंकुर,अनिकेत सिंह,योगेश गुप्ता, बल सिंह,अमित गुप्ता,विजय गुप्ता, आजाद सिंह,रवि,अरविंद,किशनपाल सिंह, देवेन्द्र वर्मा,पंकज सिंह,अक्षय प्रताप सिंह, करन प्रताप,आशीर्वाद सिंह,शेर सिंह,गजराज,अनुज,अरुण शर्मा,संतोष एवं महात्मा शांतानंद सहित सैकड़ों सत्संगी जन एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## भाजपा का परचम फहराने के लिए कार्यकर्ता मिशन मोड में जुट जाए : धर्मपाल महामंत्री झारखण्ड

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिला चुनाव प्रबंधन समिति, विस्तारक, प्रवासी एवं जन विश्वास यात्रा को लेकर एक अहम बैठक बीजेपी मुख्यालय पयागीपुर में आयोजित हुई।भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.आरए. वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों को बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के महामंत्री संगठन व काशी क्षेत्र के प्रभारी धर्मपाल ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि धर्मपाल जी ने जिला चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का परचम फहराने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा।उन्होंने कहा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए एक–एक सेकंड का उपयोग करना है। उन्होंने कहा मंडल ,शक्ति केंद्र पन्ना प्रमुख व बूथ समिति को सक्रिय रखते हुए फुलप्रूफ बनाना है।बूथ प्रबंधन को तेज करना होगा। उन्होंने चुनावी दृष्टि से पार्टी द्वारा चला जा रहे अभियानों पन्ना प्रमुख,बूथ समिति व्हाट्सएप ग्रुप,सदस्यता अभियान मतदाता पुनरीक्षण अभियान व विधानसभा में निकलने वाली जन विश्वास यात्रा की गहन समीक्षा की और कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स देते हुए पूरी ताकत से अभियानों में जुटने का आह्वान किया। झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल जी ने सभी जिला चुनाव प्रबंधन समिति के जिम्मेदारों का परिचय प्राप्त कर विभिन्न अभियानों की समीक्षा की।समीक्षा के दौरान जिला महामंत्री घनश्याम चौहान ने बताया कि जिले के सभी 2172 बूथों पर 29400 पन्ना प्रमुख बना लिए गए हैं।372 शक्ति केंद्र तथा सभी बूथों पर व्हाट्सएप ग्रुप भी बन गये है।भाजपा जिला उपाध्यक्ष व जिला सदस्यता प्रमुख ज्ञान प्रकाश जायसवाल ने बताया कि अब तक जिले में पार्टी ने 1 लाख से अधिक नये सदस्य बनाए हैं।जिला मंत्री व मतदाता पुनरीक्षण अभियान के प्रमुख आशीष सिंह रानू ने बताया जिले में अभी तक 21000 नए वोटर्स के फॉर्म भराए गए हैं।भाजपा जिला अध्यक्ष डा.आरए. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है।अब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह पार्टी को विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए पार्टी नेतृत्व द्वारा तय किए गए अभियानों को सफल बनाए।भाजपा जिलाध्यक्ष डा.आरए. वर्मा ने आगामी जन विश्वास यात्रा को लेकर भी बैठक की जिसमें यात्रा का रूट चार्ट को अंतिम रूप दिया गया व पार्टी के जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को विभिन्न स्वागत पॉइंट पर यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने की




जिम्मेदारी सौंपी गई।जिलाध्यक्ष ने बताया सोमवार 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर लोकार्पण के दौरान पार्टी सभी 372 शक्ति केंद्रों के एक – एक मठ व मंदिरों पर हवन कीर्तन के साथ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को नमो ऐप, एलईडी व किसी अन्य इंटरनेट मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण सुना जायेगा।उन्होंने बताया शाम को मंदिरों व घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव भी मनाया जाएगा। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला चुनाव प्रबंधन समिति का गठन कर दिया है।जिले में आगामी दिनों में पहुंच रही जन विश्वास यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला यात्रा संचालन समिति का भी गठन हो गया है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने किया।बैठकों में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव,क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी,पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडे, जगजीत सिंह छंगू, विधानसभा प्रभारी उमा शंकर पांडे,ज्ञानेश्वर शुक्ला,शिव प्रकाश सेनानी, जिला महामंत्री संदीप सिंह,घनश्याम चौहान,धर्मेंद्र कुमार , जिला उपाध्यक्ष ज्ञान जयसवाल,प्रवीन कुमार अग्रवाल, आनंद द्विवेदी, सुनील वर्मा,आलोक आर्या,आशीष सिंह रानू, संजय सिंह सोमवंशी, दिनेश श्रीवास्तव, दिनेश चौरसिया, मनोज मौर्या, राजेश सिंह ,चन्दन नारायण सिंह, कृष्ण कुमार सिंह ,संजय उपाध्याय तथा पांचो विधानसभा के विस्तारक इसौली अजीत कुमार त्रिपाठी,सुल्तानपुर संदीप दुबे,सदर विनय कुमार पांडे, लंभुआ अरविंद दुबे एवं कादीपुर पंकज गिरि सहित लोकसभा व विधानसभा के प्रवासी उपस्थित रहे।

## पांचवे दिन भी हुआ कार्यबहिष्कार व जोरदार प्रदर्शन : उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का मिला समर्थन

आर एल पाण्डेय लखनऊ, डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर 20 सुत्रीय मांगो को लेकर चल रहे आंदोलन के तीसरे चरण के पाँचवे दिन 2घंटे के कार्यबहिष्कार में आज पूरे प्रदेश में फार्मेसिस्टों ने जोरदार प्रदर्शन किया, वहीं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने आंदोलन को समर्थन दिया है । जानकारी देते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि लोकतंत्र में संवादहीनता और अफसरशाही आंदोलन को जन्म देती हैं, फार्मेसिस्टों के आंदोलन का प्रमुख कारक यही है, माननीय मुख्यमंत्री जी और मुख्य सचिव के निर्देशों के बावजूद शासन और प्रशासन द्वारा अड़ियल रवैया अपनाकर फार्मेसिस्टों के आंदोलन को गंभीर करने का प्रयास किया जा रहा है, प्रदेश का फार्मेसिस्ट संघर्ष के लिए तैयार है । लोकबंधु हॉस्पिटल लखनऊ में आज प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला जी, प्रदेश महामंत्री उमेश मिश्रा जी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार पाण्डेय , रायबरेली के मंत्री सुनील राय, लखनऊ के मण्डलीय सचिव राजेश पाण्डेय, चीफ फार्मेसिस्ट सी एल शांति , फार्मेसिस्ट जी के यादव , गनेश राय, मोहम्मद अजमल , वी पी सिंह, राकेश मोहन कुशवाहा, संजुलता श्रीवास्तव, जनक दुलारी, प्रतिभा सचान , सरोज सिंह आदि सभी लोग 2घण्टे के कार्यबहिष्कार में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला प्रदेश महामंत्री



उमेश मिश्रा ने कहा कि यदि सरकार ने हमारी जायज मांगे नही पूरी की तो 17 तारीख से पूरे प्रदेश का फार्मेसिस्ट पूरी तरह से कार्यबहिष्कार पर चला जायेगा इसके बाद आम जनता को जो असुविधा होगी उसकी पूरी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी। सुनील यादव के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में जोरदार प्रदर्शन हुआ जिसमें एच एन चौधरी,अजय मिश्रा, पंकज रस्तोगी, ओ पी पटेल, सलिल श्रीवास्तव, श्रवण चौधरी, आर एन यादव, एम पी चौधरी , सुमन सिंह, अलका, अंजुम सहित सभी चीफ फार्मेसिस्ट, फार्मेसिस्ट उपस्थित रहे । बलरामपुर चिकित्सालय में जनपद के कार्यकारी अध्यक्ष कपिल वर्मा के नेतृत्व में, ठाकुरगंज में विनोद सोनी, रानी लक्ष्मी बाई चिकित्सालय में राजेश सिंह, के नेतृत्व में प्रदर्शन हुए।

## महा समिति द्वारा रक्षा मंत्री एवं सीएम से दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ में एससीआर बनाने की उठी मांग

आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली स्थित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तरह लखनऊ में राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) बनाने की मांग की है। गोमती नगर स्थित जनकल्याण महा समिति के विश्वास खंड 3 गोमती नगर लखनऊ में हुई बैठक में एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ में एससीआर बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई महा समिति से जुड़े सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर आम राय से सहमति व्यक्त की। महा समिति की ओर से तैयार प्रस्ताव लखनऊ के सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को प्रस्ताव भेजकर मांग की गई है कि यथाशीघ्र लखनऊ में भी लखनऊ के आसपास के जिलों को जोड़कर राज्य राजधानी क्षेत्र घोषित किया जाए। महा समिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला ने बताया कि राजधानी लखनऊ में आसपास के जिलों के लाखों लोगों का आना जाना होता है इससे उनकी भागदौड़ बढ़ती है यदि राज्य राजधानी क्षेत्र में आसपास के जिलों को शामिल कर एससीआर बना दिया जाए तो राजधानी लखनऊ का क्षेत्र तो बढ़ेगा ही आसपास के जिलों का भी गुणात्मक , समग्र विकास होगा। डॉक्टर शुक्ल ने बताया कि राजधानी लखनऊ का भौगोलिक क्षेत्र अब आबादी के हिसाब से बहुत कम रह गया है ऐसे में, राजधानी के चतुर्दिक विकास के लिए उन्नाव, सीतापुर ,सुल्तानपुर, रायबरेली, बाराबंकी, हरदोई आदि जिलों की सीमाएं जो राजधानी से सटी हुई है उनका कुछ क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र में शामिल कर एनसीआर की तरह ही एससीआर घोषित करना बेहद जरूरी हो गया है ऐसा करने से शिक्षा



,चिकित्सा, यातायात, इंडस्ट्रियल ग्रोथ, वेयरहाउस ,रोजगार,पर्यटन आदि क्षेत्रों में तेजी से विकास हो सकेगा जिसका फायदा राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मिलेगा। बैठक में तमिलनाडु में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सीडीएस बिपिन रावत व उनकी पत्नी समेत 13 सैन्य अधिकारियों तथा राकेश त्यागी उपाध्यक्ष के पिता के दुखद निधन पर संवेदना व्यक्त की गई। इसके अलावा दो नगर निगम की मांग की गई। हर घर में पीएनजी गैस के लिए महा समिति द्वारा प्रकाश डाला गया। शुद्ध पेयजल हर घर में नल से, पर्यावरण संरक्षण ,सौर ऊर्जा को बढ़ावा, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, अधिग्रहण, नालियों की समस्या, यातायात प्रबंधन आज पर चर्चा के बाद प्रस्ताव पारित किया गया। गोमती नगर जन कल्याण महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला ने सभी उपखंड के चुनाव की समीक्षा की तथा स्मारिका का शीघ्र प्रकाशन की बात की। बैठक में प्रोफेसर डॉक्टर बीएन सिंह, महा समिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला, समिति के उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त जज डीपी अरोरा, जय नारायण मिश्र, हरिहरनाथ त्रिवेदी, जीसी शर्मा, आरपी शुक्ला, आलोक मिश्र, सी जी नायर, कमल प्रकाश, आरडी मौर्य, जितेंद्र पांडे, विनोद तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, शिव सेवक उपाध्याय, इंजीनियर अशोक गुप्ता, ओपी पांडेय, अनुराग त्रिवेदी और अमित शर्मा उपस्थित थे। अंत में तहरी भोज के बाद बैठक संपन्न हुई।

## शहीद बिपिन रावत व सभी अमर शहीदों के लिये श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में आज सी.डी.एस. जनरल बिपिन रावत एवं उनके साथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए अन्य सेना अधिकारियों के प्रति श्रद्धां अर्पित करते हुए श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया द्य श्रद्धांजलि सभा में संस्थान के समस्त छात्र–छात्राओं के साथ प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार सिंह, उप प्राचार्य डॉ सुशील कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ राधे श्याम सिंह, डॉ आर. पी. सिंह, डॉ.वी.पी.सिंह, डॉ प्रवीण कुमार सिंह, डॉ विहारी सिंह , डॉ राकेश पांडेय, डॉ सुनील प्रताप सिंह, डॉ इन्दू सिंह, डॉ.प्रतिमा सिंह आदि समस्त प्राध्यापक व प्रध्यापिकाओं उपस्थित थीं। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि जनरल विपिन रावत का आसमय जाना राष्ट्र की एक बड़ी क्षति है। वह केवल एक सैनिक मात्र नहीं थे



वरन कुशल रणनीतिकार भी थे। तीनों सेनाओं को अत्याधुनिक बनाकर सामंजस्य स्थापित करने में उनका योगदान अप्रतिक है। राष्ट्र का इतिहास उन्हें हमेशा याद रखेगा। सभा को डॉ.राधे श्याम सिंह, डॉ सुशील कुमार सिंह एवं डॉ.आर. पी.सिंह ने भी संबोधित कर अपने विचार रखे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जौनपुर में डी फार्मासिस्टों की 20 सूत्रीय मांगों व पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 2 घंटे कार्य का हुआ बहिष्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अमर शहीद उमा नाथ सिंह जिला चिकित्सालय में 20 सूत्रीय मांगों व पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आज 2 घंटे के कार्य का हुआ बहिष्कार, फार्मासिस्ट एसोसिएशन जनपद




के जिला मंत्री मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज लगातार पाचवें दिन डिप्लोमा फार्मासिस्ट 2 घंटे का कार्य बहिष्कार करते हुए जिला चिकित्सालय के गेट पर प्रदर्शन किए, दो घंटे के कार्य बहिष्कार से मरीजों को परेशानियों से होकर गुजरना पड़ा जिसके कारण अस्पताल में आए हुए मरीजों को यहाँ वहां भटकना पड़ता, दो घंटे कार्य बहिष्कार में जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय के फार्मासिस्ट व चीफ फार्मासिस्ट उपस्थित रहे, जिसमे मुख्य रूप से विनय कुमार सिंह, अतहर शमीम खान, सचिन कुमार सिंह,जाहिद अख्तर, रविन्द्र कुमार मिश्रा, एवं हरिशंकर पाण्डेय इत्यादि लोगों ने उपस्थित होकर 2 घंटे के कार्य के बहिष्कार में सहभागिता किया।

## ग्राम वासी परेशान : नाली में ईतनी गंदगी कैसे ?



सन्तकबीर नगर संवाददाता राम अनुज गुप्ता : थाना धनघटा ग्राम रूपिन वासियों का कहना है कि पुर्व प्रधान द्वारा नाली साफ करवाया गया था। बता दें कि बीते हुए लगभग 7 से 8 महिने हो गए लेकिन अभी तक उक्त नाली की सफाई नहीं हुई है, आखिर में इसका जिम्मेदार कौन?

## दंबगो द्वारा मंदिर परिसर की जमीन पर किया जा रहा अवैध कब्जा:प्रशासन मौन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला जोगियापुर में रविवार को दबंगों द्वारा शिवगोपाल घाट मंदिर परिसर की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। जिसका



स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो दंबगों ने जोर सबरजस्ती कर उन्हे धमकाया और जिला प्रशासन मूक दर्शक बना देखता रहा। जबकी स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दे दी । इसके बाद भी पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे दबंग खूब फल फूल रहे है। पुलिस के सह पर मंदिर परिसर की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमाये हुये है। जिससे श्रद्धालुओं को पूजन–पाठ हावन में काफी मुसकिले आ रही हैं। मंदिर परिसर में दबंगों द्वारा महिलाओं से अभद्र व्यवहार की कि सूचना चौकी सरायपोख्ता को कई दी गई। लेकिन कोई कार्यवाही न होने से दबंग अपनी मनमानी कर रहे है। जिले में आये दिन ऐसी घटनायें घटित हो रही हैं। शासन प्रशासन धन लक्ष्मी की गोली खाकर सो रही है।

## स्व0 सत्यदेव सिंह की स्मृति में मेमोरियल बॉक्सिंग चैंपियनशिप सम्पन्न



आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्वर्गीय सत्यदेव सिंह जी की स्मृति में मेमोरियल बॉक्सिंग चैंपियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित ,गोल्ड मेडलिस्ट, अंतर्राष्ट्रीय रेसलर, भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्रीमती बबिता फोगाट जी के मुख्य आतिथ्य में एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह के संयोजकत्व में आयोजित हुई।



–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें–

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

# आम से खास तक : बड़े, अमीर और गैरजवाबदेह

अमेरिका में स्टैंडर्ड ऑयल और एटी ऐंड टी बिखर गया, तो चीन ने अलीबाबा, टेंसेंट और दीदी पर सख्ती की है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और फेसबुक को कई देशों में गुस्से का सामना करना पड़ रहा है? क्यों? इसलिए, क्योंकि ये सब बहुत बड़े और बहुत अमीर और गैरजवाबदेह हो गए।

बड़े लोग अमीर होते हैं और अमीर लोग बड़े होते हैं। और एक बार जब वह बड़े और अमीर हो जाते हैं, तब स्पष्ट खतरा होता है कि वह जवाबदेह नहीं होंगे। अमेरिकी सीनेटर जॉन शर्मन (पहला एंटीट्रस्ट एक्ट 1890 आमतौर पर शर्मन एक्ट के नाम से जाना जाता है) ने कहा था, 'यदि हम एक राजा को राजनीतिक ताकत के रूप में बर्दाश्त नहीं करना चाहते, तो हमें जीवन से जुड़ी किसी भी जरूरत के उत्पादन, परिवहन और बिक्री को लेकर भी राजा को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए।'

अमेरिका में स्टैंडर्ड ऑयल और एटी ऐंड टी बिखर गया, तो चीन ने अलीबाबा, टेंसेंट और दीदी पर सख्ती की है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और फेसबुक को कई देशों में गुस्से का सामना करना पड़ रहा है? क्यों? इसलिए, क्योंकि ये सब बहुत बड़े और बहुत अमीर और गैरजवाबदेह हो गए।

ठीक उसी तरह जैसे हम एक राजा को एक शासक के रूप में बर्दाश्त नहीं करेंगे, वैसे ही हमें उस शासक को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए जो कि राजा बनना चाहता है। इसीलिए अनेक देशों में राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के लिए कार्यकाल की सीमा तय है, क्योंकि वह पूर्ण सत्ता हासिल कर सकता/सकती है।

लोकतांत्रिक और अमीर

व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता में बने रहने का रास्ता ढूंढ़ लिया है। शी जिनपिंग ने अपनी सत्ता और मजबूत की है और कार्यकाल की सीमा खत्म कर ली है और अगले साल अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने की तैयारी में हैं। किसी भी परिभाषा से ये दोनों देश लोकतंत्र नहीं हैं। न ही वे अमीर देशों की श्रेणी में आते हैं।

प्रति व्यक्ति आय के लिहाज से दुनिया के दस शीर्ष देश हैं: 1. लक्समबर्ग, 2. आयरलैंड, 3. स्विट्जरलैंड, 4. नॉर्वे, 5. अमेरिका, 6. आइसलैंड, 7. डेनमार्क, 8. सिंगापुर, 9. ऑस्ट्रेलिया, 10. कतर। कतर और सिंगापुर को छोड़कर आठ अन्य देश पूरी तरह से लोकतांत्रिक हैं। कतर में राजशाही, जबकि सिंगापुर लोकतंत्र की योग्यता रखता है। मैं इन आठों में से अमेरिका को छोड़कर और कुछ प्रयास के साथ ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर, किसी अन्य देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री का नाम नहीं ले सकता।

सबक यह है कि एक देश और उसके लोग अमीर और लोकतांत्रिक हो सकते हैं, हालांकि उनका नेतृत्व शांत, संकोची और अनजाने नेताओं द्वारा किया जाता है। मेरी जानकारी में इनमें से किसी भी नेता पर अक्खड़ या अहंकारी होने का आरोप नहीं लगाया गया है।

गैरजवाबदेही की ओर

पूर्ण सत्ता या संसद और मीडिया के प्रति तिरस्कार ने लोकतंत्र को बीमार कर दिया है। 'मैं सब जानता हूं' या 'मैं ही उद्धारक हूं', जैसी बयानबाजी के लिए लोकतंत्र में जगह नहीं होनी चाहिए। जब कोई राजनीतिक दल बहुत बड़ा, बहुत अमीर और गैरजवाबदेह हो जाए तो ये बुराइयां आ जाती हैं।

भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा दल होने का दावा करती है और हम जानते हैं कि वह भारत का सबसे अमीर दल है। उसके पास लोकसभा की 543 में से 300 सीटें हैं और विधानसभा की 4,036 सीटों में से 1,435 सीटें हैं। 28 में से 17 राज्यों में उसकी सत्ता है। इस मामले में भी वह बहुत बड़ी पार्टी है। भाजपा बहुत अमीर भी है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक, 2019–20 में भाजपा ने अज्ञात स्रोतों से 2,642 करोड़ रुपये (सभी दलों को मिले 3,377 करोड़ रुपये में से) प्राप्त किए जिनमें कुख्यात इलेक्टोरल बांड्स भी शामिल है। पांच राज्यों के पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 252 करोड़ रुपये खर्च किएय इसमें से 151 करोड़ रुपये अकेले पश्चिम बंगाल में खर्च किए गए!

पिछले सात सालों में भाजपा और अधिक गैरजवाबदेह हुई है। उसने संसद में बहस त्याग दीय संसदीय समितियों की जांच के बिना और अक्सर दोनों सदनों में बहस के बिना विधेयक पारित करवाएय प्रधानमंत्री संसद और मीडिया से बचते हैंय सरकार को अपने राजनीतिक विरोधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों के विरुद्ध सीबीआई, ईडी, आयकर, एनआईए और अब एनसीबी का इस्तेमाल करना पड़ता है।

बहुत बड़ा, बहुत अमीर और गैरजवाबदेह दल होने के बावजूद भाजपा ने अनेक चुनाव जीते हैं। जहां वह हार गई, वहां उसने विधायकों की खरीद और वफादार राज्यपालों की मदद से सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने गर्व से इस घिनौने अभ्यास को नाम दिया है– ऑपरेशन लोटस!

केवल हारने का डर

तीन कृषि कानूनों को पारित करने और इन कानूनों का अड़ियल तरीके से बचाव करने में अहंकार का जमकर प्रदर्शन किया गया। ये कानून अध्यादेश के जरिये लाए गए थे और बाद में संसद में बहस के बिना इन्हें कानून में बदल दिया गया। किसान पंद्रह महीने से विरोध कर रहे थे, लेकिन सरकार नहीं झुकी। किसानों को बातचीत के लिए भेजे गए निमंत्रण में कोई गंभीरता नहीं थी और वार्ताएं राजनीतिक नाटक जैसी थीं।

किसानों और उनके समर्थकों के साथ गाली–गलौज (खालिस्तानी, राष्ट्रविरोधी) अशोभनीय सीमा तक पहुंच गई। राजनीतिक कार्रवाई बर्बर थी। सुप्रीम कोर्ट को दिया गया जवाब अपमानजनक था। जब तक खुफिया रिपोर्ट्स और सर्वे के नतीजों ने उच्च स्तर तक रिसकर पहुंच नहीं गए, सरकार आत्मसंतुष्ट बनी रही।

यह एकदम स्पष्ट है कि मोदी सरकार सिर्फ एक चीज से डरती है और वह है चुनाव में पराजय। विधानसभा की तीस सीटों के उपचुनाव के नतीजे आने के कुछ घंटों के भीतर ही पेट्रोल और डीजल के दाम कम किए गए, जिनमें भाजपा को सिर्फ सात सीटें मिलीं। कृषि कानूनों की वापसी का फैसला (कैबिनेट की मंजूरी के बिना मोदी ने लिया) इस बात का स्पष्ट संकेत था कि उन्हें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा (जहां आज उनकी पार्टी की सरकारें हैं) में भारी नुकसान होने और पंजाब में पूरी तरह सफाया हो जाने का डर था।

प्रधानमंत्री की 'स्टेट्मैनशिप' की उनके मंत्रियों द्वारा की जाने वाली प्रशंसा यही दिखाती है कि वे कैसे गूंगे चीयरलीडर्स बन गए हैं: मोदी ने जब कानून पारित किया, तब वह एक राजनेता थे और जब उन्होंने उन्हें वापस लिया, तो वह और बड़े राजनेता हो गए!

भारत में लोकतंत्र तब तक जीवित रह सकता है, जब तक भाजपा को चुनाव हारने का डर सताता रहे। इससे भी अच्छा यह हो कि फरवरी 2022 में हार मिलने पर भाजपा का अक्खड़पन और अहंकार कुछ हद तक कम हो।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता शिविर सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर हरदोई में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्रों को मतदाता जागरूकता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानदायिनी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। सरस्वती वंदना शिवानी व पूनम सिंह के द्वारा प्रस्तुत की गई। डॉक्टर एस के पांडे द्वारा संस्थान परिचय प्रस्तुत किया गया। प्रदीप त्रिपाठी तहसीलदार हरदोई ने मतदाता जागरूकता के संबंध में छात्र– छात्राओं को जागरूक किया और बताया कि कि जो छात्र 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वह फार्म प्रारूप 6 के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं तथा जिनके परिवार में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई है परिवार के सदस्य उस व्यक्ति के नाम को हटवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिस किसी ने के नाम में कोई त्रुटि है वह प्रारूप 8 के माध्यम से नाम में त्रुटि में संशोधन करा कर सही नाम दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर रश्मि द्विवेदी द्वारा किया गया। मंच संचालन आनंद विशारद द्वारा किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं व महाविद्यालय के समस्त शिक्षक– शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने मनाया शरद पवार का जन्म दिन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने पूर्व कृषि मंत्री भारत सरकार एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार का जन्मदिन बड़े धूम धाम व हर्ष और उल्लास के साथ प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर यादव की उपस्थिति में मनाया। इस मौके पर पार्टी के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनसीपी नेता आर पी शर्मा ने कहा कि उतर प्रदेश में भी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के लिए शुभ होने जा रहा है। गठबंधन की सरकार बनती है तो प्रत्येक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को सम्मान व शासन सत्ता में भागीदारी का अवसर मिलना निश्चित रूप से निर्धारित होगा। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव आर पी शर्मा,




महेश प्रसाद ,गंगा सिंह, श्रवण अवस्थी, महिला अध्यक्ष मंजू मिश्रा सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## माल ब्लाक परिसर में 94 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकासखंड माल परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायिका श्रीमती जयदेवी, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती राम देवी , ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम कुमार राही ने कन्यादान कराया। खंड विकास अधिकारी प्रतिभा जायसवाल, एडीओ पंचायत सुनील कुमार सिंह, राकेश कुमार मिश्र सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण तथा सुनील कुमार यादव ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण ने उक्त सामूहिक विवाह कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन किया। बताया गया है कि लखनऊ जिले के सभी आठ विकास



खंडों में सबसे अधिक माल विकासखंड परिसर में 94 जोड़ों का मेगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## नई रोशनी स्कीम के अंतर्गत नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम नई रोशनी स्कीम के अंतर्गत संस्था मानव विकास परिषद लखनऊ द्वारा तृतीय बैच का छह दिवसीय नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन टिकैतगंज लखनऊ में दिनांक 6 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित किया गया जिसमें 25 अल्पसंख्यक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न रिसोर्स पर्सन के माध्यम से नई रोशनी स्कीम के अंतर्गत आने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया और प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान चाय, नाश्ता, लंच आदि की व्यवस्था की गई। अंत में प्रशिक्षण



प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## आशाओं को 15000 नियत मानदेय देने की मांग के लिए मुख्यमंत्री को दिया जाएगा ज्ञापन : जे एन तिवारी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने धनपतगंज ब्लॉक में आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में उपस्थित लगभग 250 आशा बहू एवं आशा संगिनी को संबोधित करते हुए संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया कि आशा बहुओं एवं संगिनी का मानदेय बढ़ाए जाने के लिए मुख्य मंत्री एवम् मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा गया है ।आशा बहू के लिए ध15000 नियत मानदेय की मांग की गई है ।इसके अलावा आशा बहुओं का बीमा कराया जाने, भ्रमण के लिए स्कूटी भत्ता दिए जाने, केंद्रों पर उनके बैठने के लिए कक्ष की व्यवस्था किए जाने ,अर्हता धारक आशाओं को समुचित प्रशिक्षण देकर एएनएम के पद पर पदोन्नत किए जाने ,उनके साथ भ्रमण के दौरान किसी जिम्मेदार पर्यवेक्षक को तैनात किए जाने की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 24 दिसंबर 2021 को विधान भवन पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया है । सम्मेलन में आशा बहुओं को संबोधित करते हुए आशा हेल्थ वर्कर एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम लता यादव ने अवगत कराया कि हमारी आशा बहनों का बहुत अधिक शोषण हो रहा है। उनसे कई प्रकार के कार्य लिए जा रहे हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल करना, नवजात शिशु का टीकाकरण ,गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, उनको संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करना, अस्पताल पहुंचाना ,कोविड का टीकाकरण, घर घर जाकर रोगियों की जांच पड़ताल करना, रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित करना, सहित दर्जनों काम आशा बहनों से लिया जा रहा है ।आशा बहनों को भ्रमण के लिए न तो कोई भत्ता दिया जाता है और नहीं कोई सवारी उपलब्ध कराई जाती है । उन्होंने कहा कि आशा बहनों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अत्यंत ही कम है। नारी सशक्तिकरण का दम भरने वाली सरकार आशाओं को न तो आर्थिक रूप



से आत्मनिर्भर बना पा रही है और नहीं समाज में उनको सम्मान ही मिल पा रहा है ।उनको मिलने वाला प्रोत्साहन भत्ता भी समय से नहीं दिया मिल पाता है। उन्होंने आशा आशा संगिनी का मानदेय 15000 किए जाने के राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की मांग का समर्थन किया है तथा उनको मिलने वाला मानदेय सीधे उनके बैंक खाते में भेजे जाने की मांग भी किया है। मुख्य अतिथि , राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने आशाओं को आश्वस्त किया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उनकी लड़ाई जारी रखेगी ।उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश में 220000 आशाएं हैं, इनका उपयोग बहुत से संगठन करते रहे हैं लेकिन इनके मांगों के प्रति किसी संगठन ने अभी तक रूचि नहीं दिखाई है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़ने के बाद आशाओं की मांग ने जोर पकड़ा है तथा निकट भविष्य में उनका मानदेय बढ़ाए जाने की संभावना भी बन रही है। जे एन तिवारी ने सभी आशा बहुओं एवम संगिनी को सचेत करते हुए कहा है कि जब तक मानदेय बढ़ नहीं जाता है तब तक संघर्ष जारी रखना पड़ेगा ।उन्होंने प्रदेश की सभी आशाओं को उनके संघर्ष के लिए बधाई देते हुए 24 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील किया ।सम्मेलन में आशा हेल्थ वर्कर एसोसिएशन शाखा धनपतगंज का चुनाव भी संपन्न हुआ जिसमें श्रीमती राकेश्वरी पांडे अध्यक्ष,शशि बाला सिंह उपाध्यक्ष,सोनी सिंह मंत्री एवम् शोभा सिंह को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों को संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सम्मेलन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी, आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कुसुम लता यादव के अलावा श्रीमती सरला सिंह,सविता श्रीवास्तव,ज्ञानमती,सुनीता दुबे, सुनीता वर्मा,किरण तिवारी,रिंकी निषाद, किरण सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।अंत में अध्यक्ष राकेश्वरी पांडेय ने मुख्य अतिथि व पदाधिकारियों और सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस चौपाल प्रत्येक बुधवार पुलिस अधिकारी आपके द्वार

डी के यू गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गोंड़ : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के आदेश के क्रम में पुलिस की और बेहतर सेवाये प्रदान किये जाने हेतु पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पुलिस चौपाल कार्यक्रम में अब पुलिस को जनता के द्वार तक पहुँचाने हेतु प्रत्येक बुद्धवार को जनपद के गाँवों में पुलिस चौपाल आयोजित की जायेगी । इसमें प्रत्येक राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी अलग–अलग गाँव में जाकर ये चौपाल आयोजित करेंगे । इस चौपाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों व शांति– व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये गाँव का चयन किया जायेगा । इस चौपाल में उन गाँवों को प्राथमिकता दी जायेगी जिसमें बडी आबादी के गाँव, जहाँ विवाद अधिक हो व कानून– व्यवस्था सम्बन्धी समस्याओं ज्यादा हो एवं जहाँ पार्टीबन्दी अधिक हो या पूर्व के चुनाव (लोकसभा/विधानसभा/ पंचायत चुनाव) में हिंसा व मारपीट हुई हो या चुनाव से सम्बन्धित अन्य घटनायें हुई हो । उक्त पुलिस चौपाल का समय दिन में दोपहर 01 बजे से सायंकाल 05 बजे तक रहेगा तथा चौपाल हेतु सार्वजनिक स्थान जैसे प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन, अन्य कोई सार्वजानिक स्थल, बारात घर, सार्वजनिक खुले हुये स्थान का चयन कर आयोजित किया जायेगा । इस चौपाल के दौरान निम्न बिन्दुओं पर पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जाएगी दृ ग्राम के अपराधों में पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही व वादी– प्रतिवादी पक्ष से वार्ता की जाएगी, गाँव के शस्त्र लाईसेस धारकों की जाँच व गोष्ठी की जाएगी, गाँव के विभिन्न गुटों से अलग–अलग वार्ता होगी, गाँव के प्रमुख विवाद जैसे दृ जातीय, साम्प्रदायिक, भूमि विवाद, पारिवारिक रंजिश, राजनैतिक विवाद इत्यादि के सम्बन्ध में सूचनाओं का संकलन कर उसी दिन निरोधात्मक कार्यवाही की जायेगी, गाँव के सम्भ्रान्त नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सरकारी कर्मचारियों, पूर्व व वर्तमान ग्राम प्रधान, सभी विभाग के पेंशनर्स इत्यादि की साथ गोष्ठी की जाएगी गोष्ठी के दौरान सम्बन्धित चौकी प्रभारी/हल्का प्रभारी/बी0पी0ओ0 (महिला/पुरूष) व चौकीदारों भी उपस्थित रहेंगे साथ ही गोष्ठी/चौपाल कार्यक्रम में अपने साथ सम्बन्धित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी/ तहसीलदार/ लेखपाल/ पंचायत सचिव को भी सम्मिलित करेंगे, आगामी विधानसभा चुनाव में अब तक की गयी कार्यवाही व मीटिंग के पश्चात थाना पुलिस को आगामी कार्यवाही हेतु भली भाँति ब्रीफ किया जाएगा व चुनाव रजिस्टर में इसका उल्लेख किया जाएगा।

## गोरखपुर में माफियाओं की मनमानी

डीकेयू गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गोंड़ : ग्रामीण क्षेत्र की सनसनीखेज खबर इस समय हर नदियों में बालू खनन का ठेका हो चुका है लेकिन यह बालू खनन माफिया सरऊ नदी में से बड़ी–बड़ी मशीनें पाइप द्वारा खुदाई करके बालू बाहर निकाल कर एवं टाली एवं ट्रक द्वारा ले जाकर बाजारों में मनमाने ढंग से सप्लाई कर रहे हैं इस कार्य पर ना तो शासन की नजर पड़ रही ना प्रशासन की लगता है इस क्षेत्र के अधिकारियों की मिलीभगत से नदियों की रीढ़ की हड्डी को थोड़ी जा रही है इसके रोकथाम करने वाला कोई दिखाई नहीं देता यह मामला तहसील गोला के थाना उरुवा बाजार के अंतर्गत ग्राम सभा मलौली सरजू नदी का है इस पर ठेकेदार मनमाने ढंग से मशीन लगाकर सैकड़ों फिट अंदर से बालू निकाल रहे हैं यह थेका किसी और के नाम से एलाट है चलाने वाला कोई और है लगता है गोला एवं उरुवा क्षेत्र का शासन एवं प्रशासन इस कार्यशैली में मिलीभगत है।

## मीरा त्रिपाठी द्वारा किया गया मीरा फार्मेसी हेल्थ केयर का उद्घाटन

डी के यू गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गोंड़ : उपनगर गोला के कचहरी चौराहा मीरा फार्मेसी हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन मीरा फार्मेसी फाउंडेशन के प्रोपराइटर डक्टर मनीष त्रिपाठी की द्य पूज्यनीय माता मीरा त्रिपाठी द्वारा किया गया । तत्पश्चात कोरोना काल में किए गए कोरोना योद्धा पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी , महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अस्मिता चन्द , शुभारम्भ च्म्ज भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ कसौधन, मनोज उमर वैश्य आदि द्वारा ड डश्र परम आत्मीय स्व मेश्वर की ब इ : सराहनीय कार्य के लिए श्रीमती त्रिपाठी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस द्य दौरान पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी व महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अस्मिता चंद ने कहा कि डॉ . द्य मनीष त्रिपाठी ने संस्था के माध्यम से अच्छी स्वास्थ्य सुविधा लोगों को दे कर एक नेक कार्य कर रहे हैं । इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र प्रताप चंद , बबलू सिंह , इमरान अंसारी , अशोक सोनकर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रदेश में मंडी शुल्क व्यवस्था लागू किए जाने के निर्णय को वापस लेने की मांग

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पुनः लागू हुई मंडी शुल्क व्यवस्था के निर्णय को वापस लेने हेतु उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को ई मेल द्वारा पत्र भेजा तथा मुख्यमंत्री से उत्तर प्रदेश में मंडी शुल्क लागू करने के निर्णय को वापस लेने की मांग की संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने पत्र के माध्यम से कहा कि इससे व्यापारियों का अनावश्यक उत्पीड़न बढ़ेगा तथा महंगाई में भी वृद्धि होगी एवं प्रदेश में मंडी के बाहर व्यापार करने वाले गल्ला ,किराना, गुड, दलहन तिलहन एवं अन्य कृषि उत्पाद की बिक्री करने वाले व्यापारियों



पर अनावश्यक बोझ बढ़ेगा।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई जनरथ बस : एक की मौत व सात यात्री गंभीर

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांसगांव के पास आजमगढ़ से लखनऊ के लिए जा रही जनरथ बस संख्या यूपी 33 एटी 5748 जिसमें लगभग 60 लोग सवार थे। थाना गोसाईगंज के अंतर्गत ग्राम बांसगांव के पास अनियंत्रित होकर एक पेड़ में टकरा जाने से क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं तथा 6–7 लोग सामान्य रूप से घायल हैं। एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के समय बस को उसका ड्राइवर व कंडक्टर राजकुमार चला रहा था। जबकि ड्राइवर राम प्रताप सैनी को सो रहा था। घायलों को जिला अस्पताल भिजवा कर उपचार करवाया जा रहा है। बाकी बचे यात्रियों को अन्य बसों से गंतव्य की ओर रवाना कराया जा चुका है। मौके पर कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। घायलों में नदीम अहमदद (42) पुत्र मुमताज आजमी, कसीम अहमद (35) पुत्र मुमताज आजमी निवासी मोहल्ला बाज बहादुर थाना आजमगढ़,अनिल गुप्ता उम्र (46) पुत्र सुभाष गुप्ता निवासी हरिवंशपुर थाना सिधारी आजमगढ, रोहित यादव (42) पुत्र रामजीत यादव निवासी



सीतापुर जनपद सीतापुर, कमला देवी (56) पत्नी उदय भान निवासी कस्बा लखीमपुर, जनपद लखीमपुर, विनोद कुमार (40) पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी लगंडपुर छावनी, जनपद गाजीपुर, विवेक कुमार गुप्ता (38) पुत्र सीताराम निवासी बिलरियागंज थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ तथा एक व्यक्ति मृत्यु हो गयी जिसका नाम व पता है बीरबल कुमार उम्र (46) वर्ष पुत्र मितलूराम निवासी लंगडपुर छावनी लाइन जनपद गाजीपुर ।मृतक के परिजनो को सूचित कराया गया है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत जनपद सुलतानपुर के विवाह – सूत्र में बंधे कई जोड़े

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विकासखण्ड बल्दीराय व धनपतगंज में , मंत्रोच्चारण के साथ , कई जोड़े परिणयसूत्र में बंधे । सरकार की मंशा को धरातल पर उतारने के प्रयास में जुटे रहे जिम्मेदार तो सरकार के कदम को परिवारीजनों ने सराहनीय कार्य बताया । तहसील बल्दीराय के ,वि०खँ०बल्दीराय में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 91 जोड़ों ने तथा धनपतगंज में 101 जोड़ों ने परिणायसूत्र में बंधकर नई जिंदगी की शुरुवात की । बल्दीराय में ब्लाक प्रमुख ने कहा कि ''भाजपा सरकार की यह योजना गरीबों के लिए संजीवनी है । इस विवाह योजना में सरकार प्रत्येक जोड़े को गृह उपयोगी जरूरत की सारी गृहस्थी के सामान साथ देती है तथा 35000 भी दुल्हन के खाते में दिया जाता है । ।खँ०वि०अधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा दान होता है ।सरकार की मंशा है कि गरीब घर की बेटियों का भी विवाह भी धूमधाम व भव्यता के साथ सुनिश्चित हो



।उन्होंने नवदम्पत्तियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । संरक्षक जिलाधिकारी रबीश गुप्ता ,स्वागताकांक्षी अतुलवत्स ए। मुख्य विकासअधिकारी रहे , ।क् पंचायत सतीशचंद्र , ।क् समाजकल्याण विपिन कुमार , ग्राम पंचायतअधिकारी रवि राणा , रामतेज वर्मा ,रोहितचंद्रा ,इन्द्रदेव शुक्ला ,प्रदीप सिंह ,आदि ब्लाक कर्मी उपस्थित रहे।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हुआ मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर मे न्यायिक एकादश व जिलाधिकारी एकादश के बीच हुआ जिसमें जिलाधिकारी एकादश ने 4 रन से मैच जीत लिया। जिलाधिकारी की माता श्रीमती शकुंतला ने टास कराया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। जिसमें निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 131 रन बनाया। जितेंद्र ने 31, दुर्गेश ने 21, सी ओ सिटी जितेंद्र दुबे ने 17 रन एस डी एम शाहगंज नितेश सिंह ने 9, एस डी एम सदर हिमांशु नागपाल ने 7 रन बनाए। न्यायिक एकादश से जिला जज एमपी सिंह ने तीन विकेट व अनुराग व अशोक ने दो दो विकेट लिए। जवाब में न्यायिक एकादश की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 127 रन ही बना पाई। सर्वाधिक सरवन ने 45 आयुष ने 22 रन व एस पी सिंह व शुभम ने 7–7 रन बनाए। जिलाधिकारी एकादश से रवि, संदीप ने 2–2 व दुर्गेश ने 1 विकेट लिया। मैच पड़ा रोमांचक रहा एक पल ऐसा लगा कि न्यायिक एकादश मैच आसानी से जीत जाएगी लेकिन जिलाधिकारी एकादश ने अपने रणनीति में बदलाव किया और मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचा दिया। एक समय ऐसा रहा जब 24 गेंद में 24 रन, 15 गेंद 15 रन, 11 गेंद 12 रन, 5 गेंद में 9 रन चाहिए था।

लेकिन अंत में सधी गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग की वजह से जिलाधिकारी एकादश यह मैच 4 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच जिलाधिकारी एकादश के जितेंद्र व न्यायिक एकादश के सरवन संयुक्त रूप से घोषित किए गए। पुरस्कार वितरण आकांक्षा समिति अध्यक्ष डा अंकिता राज व जनपद न्यायाधीश की पत्नी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। जिसमें विजेता ट्राफी जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व उनके खिलाड़ियों ने व उप विजेता



ट्राफी जिला जज एमपी सिंह व उनके खिलाड़ियों ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े। मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाता की भागीदारी जरुरी है। उन्होने बताया कि अभी और भी मतदाता जागरुकता कार्यक्रम किए जायेंगे। जिला जज ने कहा कि मतदाताओं को जागरुक करने की अच्छी पहल है, संविधान ने हमें जो अधिकार प्रदान किया है, सभी की जिम्मेदारी है कि अपने कर्तव्य को निभाते हुए आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोगों को मतदाता की शपथ भी दिलाई गई। इसके पूर्व उप जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन व कमेन्ट्री जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी, अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल उप जिलाधिकारी शाहगंज नितेश सिंह सिटी जितेंद्र दुबे, सुजीत विश्वकर्मा, एडीजे पी सी शुक्ला, रजनीश त्यागी, अशोक कुमार यादव, अशोक सिंह, सिविल जज अनुराग यादव, शुभम, मानू गुप्ता मनोज यादव, आयुष आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल द्वारा सरायमोहिदीनपुर में राम जानकी मन्दिर पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : काशी में होने वाले बाबा विश्वनाथ मंदिर धाम लोकापर्ण समारोह के उपलक्ष्य में दिनांक 12 दिसम्बर को जमुनिया भाजपा मंडल द्वारा सरायमोहिदीन पुर में राम जानकी मन्दिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया सभी ने पूरे मंदिर का सफाई धुलाई किया गया। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व मंडल प्रभारी राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा कि कल पूरे देश में महादेव के मंदिरों में रुद्राभिषेक जलाभिषेक कार्यक्रम होगा उसी कड़ी में जमुनिया मंडल के पंद्रह सेक्टर में महादेव के मंदिरों में रुद्राभिषेक होना सुनिश्चित किया गया है। भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी ने कहा कि महादेव मंदिर में साफ सफाई अभियान में शामिल हो कर पुण्य के भागी बने कल होने वाले रुद्राभिषेक कार्यक्रम में सभी बूथों के कार्यकर्ता अपने अपने सेक्टर में भाग ले। मंडल अध्यक्ष जमुनिया राम स्वारथ बिंद ने सभी कार्यकर्ताओं से प्रातः अपने अपने क्षेत्र के मंदिरों में पहुंचने की अपील किया और कहां की महादेव की कृपा से इस बार शाहगंज विधानसभा में कमल खिलेगा । युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री पवन पाल ने जनता



से भी रुद्राभिषेक कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया कार्यक्रम का संचालन सुरेश धुरिया जिलाध्यक्ष एस टी मोर्चा ने किया सफाई अभियान में डॉ दीपचंद केशव बिंद आलोक तिवारी संदीप कुमार गुप्ता ज्ञानचंद बिंद संदीप सिंह योगेश सिंह सिकन्दर आलम बाबा सिंह नीलेश सिंह राहुल सिंह सौरभ सिंह दीपक अग्रहरि चंदन मिश्रा राजमती सरोज भूपेंद्र जी अजय कुमार लीलावती देवी सुखराम छोटेलाल बिंद संदीप कुमार छोटेलाल अच्छेलाल विकास चौहान रिंकू अंकित उपाध्याय श्याम मुरारी विपिन जियालाल अशोक बाबा दुबे मकर जी अरविंद मौर्य अवनीश यादव आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने पत्रकार उत्पीड़न पर लिया संज्ञान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में तेजतर्रार कहे जाने वाले एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के कार्यकाल में टाप क्लास के शार्प शूटरों की भरमार नजर आने लगी जो न सिर्फ रात के भीषण अंधेरे में सटीक गोलाबारी करते हुए आरोपियों को मार गिराने में दक्ष नजर आते है बल्कि दिन के उजालों में भी खाखी के नाम पर कहर बरपाकर बेबस ,लाचार, शरीफ ,इज्जतदार के साथ साथ वकील और पत्रकार को भी अपना निशाना बनाते हुए मुठभेड़ को आतुर नजर आते है। इसी कड़ी में खबरों से आहत होकर हौसलों से लबरेज तत्कालीन शहर कोतवाल संजीव कुमार मिश्रा ने द्वारा पूरे गैंग के साथ 4 जुलाई 2021 को प्रेस कार्यालय का दरवाजा तोड़कर संपादक तथा परिजनों को बंधक बनाकर ऑफिस तथा घर में दिनदहाड़े डाका डाला गया । आरोपी हौसला बुलंद पुलिसकर्मियों के खिलाफ दिए गए प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने विधिक कार्यवाही शुरू किया। जनपद में लाइन बाजार थाना अंतर्गत हुई करोड़ों की डकैती में मददगार तथा सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में अग्नि कांड को बढ़ावा दे चुके तेजतर्रार पूर्व शहर कोतवाल संजीव कुमार मिश्रा तथा 5 अन्य चौकी प्रभारी क्रमशः शैलेंद्र पांडे, संतोष पाठक ,विवेक तिवारी ,तारा यादव एवं चंदन राय तथा दर्जनों से अधिक पुलिसकर्मियों ने एसपी सिटी डॉक्टर संजय कुमार तथा सीओ सिटी जितेंद्र दुबे के कुशल नेतृत्व में लालफीताशाही को बढ़ावा देते हुए वर्दी की आड़ में दरिंदगी की हद को पार करते हुए पुलिस अधीक्षक का फरमान बताकर 4 जुलाई 2021 को शाम 5:30 बजे बलोचटोला स्थित प्रीत टाइम्स के प्रेस कार्यालय का दरवाजा तोड़ते हुए लूटपाट किया तथा संपादक और उनके परिजनों को बंधक बनाकर घर पर डाका डाला । जहां से नगदी सहित 3:50 लाख के आभूषणों पर हाथ की सफाई करते हुए घर तथा प्रेस कार्यालय में लगे सीसीटीवी डीवीआर नोच लिया गया। मामला पुलिस प्रमुख आई जी जोन वाराणसी एस के भगत के खिलाफ छापी गई खबर बाहुबली का यार बना मददगार बताया गया। अधीक्षक की चुस्ती और दुरूस्ती का हवाला देकर संपादक के साथ फर्जी पुलिस मुठभेड़ की मनसा में सम्पादक के पैर से बह रहा खून तथा वायरल हो चुके लाइव फेसबुक से लाचार होकर अपने जुनून संग अपनी छाती पीटती पुलिस के द्वारा जबरन प्रेस कार्य में बाधा डालते हुए खबरों को वेब पोर्टल से डिलीट किया गया तथा पुलिसिया उत्पीड़न के पश्चात जबरन सादे कागज पर दस्तखत करवाने के बाद लिखित कार्यवाही करने पर जानमाल की धमकी देकर संपादक को छोड़ा गया। इतना ही नहीं अपराध की पराकाष्ठा लांघ चुके पुलिसकर्मियों के सहयोग तथा उच्च अधिकारियों के सम्मान में पुलिस अधीक्षक ने संपादक के खिलाफ गुंडा एक्ट की नोटिस भी जारी करवा दिया। प्रार्थी ने प्रकरण की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों के साथ–साथ प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया से भी किया जिसपर संज्ञान लेते हुए आरोपी उदंड, उपद्रवी, दबंग अपराधी प्रवृत्ति के पुलिसकर्मियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने समस्त साक्ष्यों का आकलन और संकलन शुरू किया। जिसे लेकर निष्पक्ष और बेबाक पत्रकारिता जगत में हर्ष का माहौल व्याप्त नजर आता है।

## जीव जब माया का आश्रय लेता हैं तो बंधनो में बंध जाता हैं:डॉ रजनीकांत महाराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जीव जब माया का आश्रय लेता हैं तो बंधनो में बंध जाता हैं।उक्त बाते प्रख्यात कथा वाचक डॉ रजनीकांत द्विवेदी ने नगर के शहाबुद्दीनपुर स्थित अनिल श्रीवास्तव एडवोकेट के आवास पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन अपने वाचन में कही। उन्होंने ज्ञानयज्ञ में भक्तों को श्रवण कराया कि राम और कृष्ण में कोई अंतर नहीं हैं दोनों ईश्वर के परिपूर्णतम अवतार हैं, प्रभू श्रीराम ने अपने जीवन में जो आचरण किए मानव को उनका अनुसरण करना चाहिए परन्तु योगिराज श्रीकृष्ण ने जो अपने जीवनकाल में किया उसका चिंतन करना चाहिए. गोविन्द का सम्पूर्ण जीवनकाल अनेकों संकटों से भरा था परन्तु सभी परिस्थितियो में उन्होंने सदैव प्रसन्न रहने का सिद्धांत प्रस्तुत किया.कार्यक्रम के पूर्व सुनील श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव अंशु, रामआसरे साहू ने कथा व्यास डॉ रजनीकांत द्विवेदी का माल्यार्पण कर स्वागत किया, कार्यक्रम का संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया।

## गुलरेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हुआ स्वामी परमहंस आचार्य का अभिनंदन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंबई की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा महमदपुर गुलरा गांव में गुलरेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में अयोध्या के तपस्वी जी की छावनी के मठाधीश्वर स्वामी परमहंस आचार्य का भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संस्था के महासचिव शिवपूजन पांडे, डॉ श्रीपाल पांडे, रामानंद पांडे, वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुभाष चंद्र पांडे ,पत्रकार प्रमोद पांडे, पंडित परमानंद तिवारी , पंडित उमेश चंद्र दुबे, अमरनाथ तिवारी, पुरुषोत्तम पांडेय, अखिलेश पांडे, त्रिलोकी नाथ पांडे ,जगदीश सिंह, दुर्गेश पांडे धनंजय पांडे, सतीश पांडे, राजन पांडे समेत अनेक मान्यवर उपस्थित रहे। स्वामी जी ने उपस्थित लोगों से सत्कर्म करने तथा धर्म की राह पर चलने को कहा। उन्होंने कहा कि सत्य और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करके हम राष्ट्र को महान बना सकते हैं।

## सीडीएस विपिन रावत व शहीद सैनिकों को भाजपा कार्यकर्ताओ ने दी श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर तहसील अंतर्गत देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत उनकी पत्नी समेत अन्य सैनिकों की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में निधन पर मछलीशहर में भाजपा के पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओ ने शोकसभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पहले भाजपा काशी क्षेत्र के किसान मोर्चा कि क्षेत्रीय



मंत्री डॉ.अर्चना शुक्ला ने कहा कि देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत,उनकी पत्नी मधुलिका समेत तेरह सैनिकों की बुधवार को विमान दुर्घटना में मौत हो गई। उनकी मौत से पूरा देश आहत है और उसकी भरपाई नही की जा सकती।श्रीमती अर्चना ने कहा कि भारत ने आज एक कुशल यौद्धा, अदभुत रणनीतिकार और अनुभवी नेतृत्वकर्ता को खो दिया है। उनकी स्मृतियां हम सभी को हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। उन्होने कहा प्रधानमंत्री ने विपिन रावत की प्रतिभा को पहचान कर उन्हे देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस बनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभाशंक सिंह और संचालन कृपाशंकर श्रीवास्तव ने किया। रवि पटवा, विनोद सिंह, संजय सिंह, अक्षय जायसवाल, विजया नन्द चौबे, अरूण तिवारी, जितेन्द्र निगम सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो दिवसीय विजय यात्रा के सन्दर्भ तैयारी बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव की होने वाली 14–15 दिसम्बर के दो दिवसीय विजय यात्रा के सन्दर्भ तैयारी बैठक आयोजित की गई जिसमें विजय यात्रा के प्रभारी विधान परिषद सदस्य संजय लाठर, सुनील यादव साजन, व आनंद भदौरिया, ने विभिन्न मुद्दों पर सभी विधानसभा अध्यक्ष व नेताओं से विधानसभा सभा वार बैठक किया जिसमें सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जौनपुर मे ऐतिहासिक स्वागत के होने पर चर्चा हुआ बैठक मे मुख्य रूप से विधायक जगदीश सोनकर, लकी यादव, पूर्व सांसद तुफानी सरोज,पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, श्री राम यादव ,बाकेलाल सोनकर,श्रद्धा यादव अरशद खाँ, जगदीश नरायन राय,राजबहादुर यादव,महासचिव हिसामुद्दीन शाह श्याम बहादुर पाल प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, शकील अहमद श्रवण जयसवाल इकबाल अहमद, आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा नेताओं ने अनिता रावत के नेतृत्व में की साफ सफाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय नगर के रोडवेज परिसर में भाजपा नेता एंव मछलीशहर के पूर्व प्रत्याशी अनिता रावत के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं ने साफ–सफाई की।इस दौरान अनिता रावत ने कहा कि केंद्र मे जब से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है तभी से सरकार पूरे देश मे स्वच्छता अभियान चल रहा है।जिससे हमारे अगल बगल गंदगी न हो सके और क्षेत्र में किसी तरह से बीमारी न पैदा हो सके।श्रीमती रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है स्वच्छता ही हम लोगो को स्वस्थ्य रख सकता है जो अति आवश्यक है।इस दौरान कृपाशंकर श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता,रवि पटवा,जितेंद्र निगम,रणजीत पाठक, संजय अग्रहरि, अच्छे लाल,विनोद गौतम,सोनू जायसवाल एंव राकेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के शिवपुर में बीती रात अराजक तत्वों ने मड़ई में लगाई आग : सामान जलकर खाक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के शिवपुर में बीती रात अराजक तत्वों ने मड़ई में लगाई आग सामान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि बीती रात लगभग 11:00 बजे अशोक कुमार के मड़ई में अराजक तत्वों द्वारा आग लगा दी गई जिसमें सारा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित अपनी जीविका चलाने के लिए दुकान चलाता था जिसमें रखा सारा सामान चौकी, फ्रीज सिलाई मशीन बर्तन गैस चूल्हा एवं धान की फसल बेचकर बच्चों की फीस जमा करने के लिए 40,000 नगद रुपए रखा था जो सारा जलकर भस्म हो गया।पीड़ित ने बताया गया की 2 दिन पूर्व हमारी दुकान पर हमारी बच्ची बैठी थी पड़ोस के विशाल चौहान सोनू चौहान दीपक चौहान प्रदीप चौहान आदि लोग हमारी दुकान पर आए और बच्चियों पर फब्तियां कस रहे थे जिसका मेरे द्वारा विरोध किया गया तो उन्होंने सोमवार को जला डालने की धमकियां भी दी थी जिसकी सूचना मड़ियाहूं कोतवाली थाने में दिया गया लेकिन पुलिस द्वारा अभी भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के अवसर पर जिले के लोग दीपक जलाकर अपने घरों में भगवान शिव का आह्वान करेंगे: पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटी है। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण कार्यक्रम को आम जनता को दिखाने के लिए जिले के सभी गांवो के शिवालयों और प्रमुख मठ, मंदिरों में विशाल स्क्रीन लगाई जाएंगी। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 13 दिसंबर को अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थित काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले के सभी गांवों में भी इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी जिसमें गांव के लोगों के साथ पार्टी कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। श्री सिंह ने बताया कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बनाने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी स्तर पर कई कार्यक्रमों की रचना की है। ये कार्यक्रम 13 दिसंबर को शुरू होकर मकर संक्रांति यानी 14 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे। पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि इन कार्यक्रमों में भाग लेंगे। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के अवसर पर जिले के लोग दीपक जलाकर अपने घरों में भगवान शिव का आह्वान करेंगे। भाजपा प्रत्येक गांव, नगर, शहर में दीपोत्सव के लिए अभियान चलाएगी। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि इस शुभ अवसर पर जिला मुख्यालय पर जगन्नाथ मंदिर रासमण्डल के शिवालय में पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक होगा जिसके मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह रहेंगे। जिसको लेकर भाजपा के कार्यकर्ता मन्दिर की साफ सफाई करके कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिये आज सुन्दरकाण्ड का कार्यक्रम रखा गया है।

## अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए झोंकी ताकत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर को देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। आगामी 16 तारीख को महोत्सव के समापन के अवसर पर इसे यादगार बनाने के लिए विभिन्न संगठन अमृत महोत्सव समिति के नेतृत्व में ताबड़तोड़ बैठकर कर रहे है ।अमृत महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया की हमारा यह कर्तव्य है कि भारतीय स्वतंत्रता के सागर का मंथन कर संपूर्ण अमृत बाहर लाएं ताकि अपने पूर्वजों के शौर्य पराक्रम से सही अर्थों में परिचित हो सकें और क्रांति के अज्ञात नायक नायिकाओं के बलिदान को जन–जन तक पहुंचाया जा सके। स्थानीइंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में अमृत महोत्सव समिति से जुड़े डॉ मनोज शुक्ला जंग बहादुर गीता यादव विभा मिश्रा सरिता और संगम लाल ने बताया कि आगामी 16 तारीख को दिन में इसी कॉलेज में हजारों देश भक्तों की भीड़ इकट्ठा होकर ऐसे गुमनाम शहीदों को स्मरण करेगी । भारत माता का पूजन और सामूहिक वंदे मातरम गायन का कार्यक्रम भी रखा गया है ।आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी से एक एक तिरंगा साथ लेकर आने को कहा है ।आयोजन समिति के सदस्यों ने अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक राष्ट्रभक्त इस दिन आजादी के इस अमृत महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचकर न सिर्फ अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि इसे एक यादगार कार्यक्रम बनाया जा सके।

# केराकत में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वाधीनता का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत केराकत में रविवार को तिंरगा यात्रा और एक रथ पर भारत माता की भव्य झांकी निकाली गई। राष्ट्र प्रेमियों ने जगह जगह तिंरगा यात्रा का स्वागत और आरती की। यात्रा में शामिल लोग देश भक्ति गीत गाते और भारत माता के जयकारे लगाते चल रहे थे। तिंरगा यात्रा पब्लिक इंटर कॉलेज के मैदान से शुरू हुई और नरहन, सरयबीरू और सिहौली चौराहे से होते हुए पूरे नगर भ्रमण के बाद वापस पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में पहुंचकर समाप्त हो गई। इसका नेतृत्व दिव्यांशू गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रेम शंकर शुक्ला, आशुतोष मिश्रा, डा वीरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश मौर्या, राजू यादव, भोलेशंकर कन्नौजिया, सर्वेश दीक्षित, इंद्रसेन सिंह, अजय जायसवाल, प्रशांत पटवा, सूरज सोनकर आदि रहे।

## नई पुलिस चौकी निर्माण हेतु किया गया भूमिपूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना अंतर्गत सोनहापोखरा ब्राम्हणपुर में नई पुलिस चौकी निर्माण हेतु क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के हाथो बिधि विधान पूर्वक भूमिपूजन किया गया!पुलिस चौकी खुलने की खबर से क्षेत्र की जनता में हर्ष का माहौल है! क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी ने बताया कि नई पुलिस चौकी क्षेत्रिय जनता के सहयोग से खुलने जा रही हैं पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र के लोगो को सहूलियत मिलने के साथ क्षेत्र की जनता भयमुक्त होगी व अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा ताकि कानून व्यवस्था का सुंदरीकरण कर सके! इस अवसर पर चंदवक थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, बजरंगनगर चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान संजय सिंह, प्रवीण सिंह,यशवंत सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, कपिलदेव सिंह,रमेश सरोज,इन्द्रसेन सिंह,अजीत सिंह व



अनिल वर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे!

## जनपद के पात्र गृहस्थी के लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कराये जाने हेतु भव्य उत्सव का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि 12 दिसम्बर 2021 को जनपद के उचित दर दुकानों पर अनत्योदय एवं पात्र गृहस्थी के लाभार्थियों को खाद्यान्न के साथ–साथ आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल (यथा सरसों तेल/रिफाइंड ऑयल) निःशुल्क वितरण कराये जाने के लिए भव्य उत्सव का आयोजन करते हुए उचित दर दुकानों को फूल, माला व गुब्बारे आदि से सुसज्जित कराते हुए मा0 जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निःशुल्क वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया गया। प्रत्येक अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारक को नियमानुसार आवंटित खाद्यान्न के साथ–साथ 01 किग्रा0 आयोडाइज्ड नमक, 01 किग्रा0 साबुत चना तथा 01 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण प्रारम्भ कराया गया। जनपद के समस्त 2095 उचित दर दुकानों पर शत–प्रतिशत खाद्यान्न का उठान न हो पाने के कारण आंशिक रूप से खाद्यान्न व अन्य खाद्य सामग्रियों का उठान किया गया है इसलिए इस कार्यक्रम की शुरूआत कराते हुए वितरण प्रारम्भ किया गया है। अग्रेत्तर उचित दर विक्रेताओं द्वारा विपणन गोदामों से सम्पूर्ण खाद्यान्न खाद्य पदार्थों का उठान करते हुए 20 दिसम्बर 2021 तक समस्त कार्डधारकों का निःशुल्क खाद्यान्न, नमक, खाद्य तेल, साबुत चना का वितरण किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर 2021 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मा0 राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव जी के कर–कमलों द्वारा ग्रामसभा–सिद्दीकपुर वि0खं0–करंजाकला,



ग्राम पंचायत–लपरी, वि0खं0–शाहगंज व ग्राम पंचायत–गभीरन, वि0खं0–खुटहन में कार्डधारकों के मध्य निःशुल्क वितरण का शुभारम्भ किया गया। मा0 विधायक दिनेश चौधरी, विधानसभा–केराकत द्वारा वि0खं0–केराकत के ग्राम पंचायत–उदयचन्दपुर व ग्राम पंचायत–सरायबीरू, वि0खं0–मुफ्तीगंज के ग्राम पंचायत–सरकी व वि0खं0–डोभी के ग्राम पंचायत–मढ़ी व हीरापुर मचहटी में निःशुल्क खाद्यान्न के वितरण का शुभारम्भ किया गया। मा0 विधायक हरेन्द्र सिंह, विधानसभा–जफराबाद द्वारा ग्राम सभा–सुरहुरपुर वि0खं0–सिरकोनी में निःशुल्क खाद्यान्न के वितरण का शुभारम्भ किया गया। मा0 अनीता रावत, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, उ0प्र0 द्वारा ग्राम पंचायत–खाखोपुर, वि0खं0–मछलीशहर में निःशुल्क खाद्यान्न के वितरण का शुभारम्भ किया गया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह द्वारा न0पा0परि0 अन्तर्गत के0 उपभोक्त भण्डार शेखपुर में निःशुल्क खाद्यान्न के वितरण का शुभारम्भ किया गया। इसके साथ ही जनपद के ब्लॉक प्रमुख व नगर पंचायत अध्यक्षगणों द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत उचित दर विक्रेताओं पर कार्डधारकों के मध्य निःशुल्क वितरण का शुभारम्भ किया गया। इस प्रकार 12 दिसम्बर 2021 को सायं 5:00 बजे तक जनपद के कुल 940 उचित दर विक्रेताओं द्वारा 50241 कार्डधारकों के मध्य खाद्यान्न के साथ–साथ आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल (यथा सरसों तेल/रिफाइंड ऑयल) निःशुल्क वितरण किया गया। वितरण 20 दिसम्बर 2021 तक जारी रहेगा।

## ब्लाक प्रमुख शिल्पी सिंह ने गांवों में मुफ्त राशन के साथ दाल–तेल,नमक वितरण कर किया कार्यक्रम का शुभारम्भ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के रुदौली क्षेत्र में गरीबों को मुफ्त गेहूं चावल के साथ किलो दाल –तेल और नमक वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ पूरे धूमधाम के साथ किया गया।इस दौरान उचित दर की दुकानों को फूल मालाओं और गुब्बारों से सजाया गया।वही इसी कड़ी में इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख रुदौली शिल्पी सिंह ने हलीमनगर में 50 लाभार्थियों को गेहूं चावल के साथ –साथ 1 किलो चना खाद्य तेल और नमक का निःशुल्क वितरण किया। दाल,तेल, नमक पाकर कार्डधारकों के चेहरे खिल उठें और मोदी–योगी सरकार को धन्यवाद दिया। मौजूद लाभार्थियों को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख शिल्पी सिंह ने कहा मोदी योगी सरकार द्वारा कोरोना काल के दौरान वर्ष 2020 में 9 और 21 से मार्च 22 तक 11 माह निः शुल्क डबल राशन देने का काम किया है। गांव के गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्र और प्रदेश की सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, बाल विकास पुष्टाहार योजना, एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ने कहा कि इतना ही नही कोरोना काल के दौरान पंजीकृत श्रमिकों के खाते में 3 माह तक ₹1000 व जनधन के खाते में ₹500 डालने



का काम भी योगी सरकार ने किया है।मौजूद लाभार्थी कासदा बानों व राम प्रकाश रैदाश ने कहा कि निशुल्क राशन मिलने से मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ा, और दाल, तेल, नमक देकर सरकार ने हम गरीबों को परेशानी से निकलने का काम किया है।दुर्गा प्रसाद यादव व नीलम भारती ने कहा कि पिछले वर्ष 9 माह इस वर्ष 11 माह फ्री राशन के साथ–साथ दाल–तेल और नमक मिलने से परिवार की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के हलीमनगर, बड़ेला, अमराई गांव, सहित तमाम जगहों पर भाजपा नेत्री पहुंची।इस अवसर पर उनके साथ पूर्व प्रधान भैंसौली राम सागर यादव, अन्नू सिंह, पत्रकार आलम शेख, गंगा द्विवेदी, रामकरन सिंह, बृज किशोर पांडेय, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

## पटरंगा थाना क्षेत्र में मिली युवती के शव की घटना में अभी तक पुलिस नहीं कर सकी खुलासा : मिल रहा सिर्फ आश्वासन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र में दो दिन पहले गन्ने के खेत में 20 वर्षीय युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में शव के संबंध में पुलिस हवा में ही तीर चला रही है।सूत्र के मुताबिक उक्त युवती के कान से खून बह रहा था व माथे पर खून का ही तिलक लगा था।मिली जानकारी के मुताबिक उक्त युवती को झटका लगने की बीमारी थी।यहां गांव में झाड़–फूंक करने वाला ही उसका इलाज करता था।आशंका जताई जा रही है कि युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है।परिवारजनों ने उसी पर इंजेक्शन लगाकर गायब करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।विधायक व एसपी ग्रामीण ने घटनास्थल का निरीक्षण का पीड़ित परिवार को जल्द ही न्याय दिलवाने का आश्वासन दिया है।मालूम हो कि शनिवार को शव मिलने के बाद गांव में कोहराम मच गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सूत्र के मुताबिक शुक्रवार की शाम को रामचन्द्र उर्फ गद्दर पहले तो युवती को झटके का इंजेक्शन लगाया व उसको दवा खिलाने के बाद बताया कि गांव के बाहर एक लसोड़ा का पेड़ है। उसी के सात फेरे लगाने के बाद उससे चिपक जाना है, लेकिन इस दौरान वहांपर कोई और न रहे। शाम होते ही युवती की मां उसे वहां लेकर गई और पेड़ से दूर खड़ी हो गई। पीड़िता पेड़ के चक्कर लगाने लगी काफी देर बाद जब वह नहीं आई तो उसने आवाज लगाई और वहां पर जा कर देखा तो कोई नहीं मिला।वह भागकर घर आ गई तो वहांपर वह भी नहीं मिला तो घर के अन्य सदस्य उसकी तलाश में जुट गए। रात 12 बजे तक गांव के किनारे लगे गन्ने के खेत व झाड़ झंखाड़ में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पर कोई पता



नहीं चल सका। रात में उसके घर गए तो उसकी साइकिल भी नहीं थी।वहीं, युवती के भाई की सूचना पर पहुंचे पटरंगा थाना प्रभारी विवेक सिंह मौके पर पहुंच गए।घटना स्थल का एसपी ग्रामीण अयोध्या अतुल सोनकर व रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने भी निरीक्षण किया। पीड़ित परिवार को जल्द ही न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।ग्रामीणों व परिवारजनों की मानें तो जिस हाल में शव गन्ने के खेत में मिला है। उससे साफ लग रहा है कि पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया है और फिर गला दबा कर हत्या की गई है।जहां पर गन्ने के खेत में शव पड़ा था, वहांपर लगी घास दबी हुई थी। युवती के कान से खून भी निकल रहा था व उसके माथे पर खून का तिलक भी लगा था। उसके गले पर लग रहा था कि रस्सी से कस कर उसकी हत्या की गई है।वही इस संबंध में इस मामले को लेकर अतुल सोनकर एसपी ग्रामीण ने कहा कि अभी इस विषय में हम कुछ नहीं कह सकते हैं क्योंकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सही पता चल सकेगा कि किस प्रकार मौत हुई है।

## सरकारी भूमि पर प्रतिमा स्थापित करने में दो गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कब्रिस्तान की भूमि पर रातोरात स्थापित कर दी थी डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा गोसाईगंज कोतवाली इलाके में बीते5द6दिसम्बर को कब्रिस्तान की जमीन पर रातोरात अम्बेडकर प्रतिमा स्थापित कर हडकम्प मचाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने चार नामजद आरोपितो को गिरफ्तार किया है।एसएसआई संतोष सिंह के मुताबिक आरोपितो को पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार किया है।आरोपितो की पहचान निर्मलकुमार बौद्ध पुत्र काशीराम,अजूबशाह पुत्र काशीराम,मंशाराम पुत्र आशाराम व पहाड़ीकुमार पुत्र रामअछैबर निवासी नूरपूर भैसोलिया कोतवाली गोसाईगंज अयोध्या के रूप में हुई।मामले में पुलिस ने आरोपितो को जेल भेज दिया। मालूम हो कि कोतवाली इलाके के महबूबगंज पुलिस चौकी अंतर्गत ग्रामसभा भिटौरा के मजरे नूरपुर भैसोलिया में अनुसूचित जाति के लोग अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करना चाह रहे थे। जिसके लिए तीन माह से कोतवाली व प्रशासन का चक्कर लगा रहे थे लेकिन प्रशासन अनुमति इसलिए नही दे रहा था क्योंकि जिस जमीन पर प्रतिमा स्थापित करना चाह रहे थे वो जमीन गाटा संख्या 43 राजस्व अभिलेखो में कब्रिस्तान दर्ज है। 6दिसम्बर को जब पूरा प्रशासन हाई एलर्ट था तो मौके का फायदा उठाते हुए रातोरात प्रतिमा को स्थापित कर दिया गया। सुबह जब लोगो ने देखा तो हलचल मच गया और सूचना मिलते ही कोतवाली से लेकर जिला प्रशासन के हाथ पाँव फूल गये। मौके पर कई थानों की पुलिस के साथ एसडीएम सदर प्रशांत कुमार व सीओ सदर शैलेन्द्र प्रताप गौतम पहुंचे और लोगो को समझा बुझाकर प्रतिमा को हटवा दिया। मामले में कोतवाली पुलिस ने इलाकाई लेखपाल सुरेन्द्रराम की तहरीर पर चार लोगो को नामजद करते हुए पचास अज्ञात के खिलाफ मु0अ0स0370/21 धारा 447, 448, 296।, 3/4, (प्रिवेंसन आफ डैमेज टू पब्लिक प्रापर्टी ऐक्ट1984)के तहत केस दर्जकर विवेचना एसएसआई संतोष सिंह को सौपी गयी थी। आरोपितो की गिरफ्तारी में एसएसआई के साथ मुख्य आरक्षी राजेश यादव,सिपाही सूर्यकांत यादव,प्रदीप यादव व अजीत सिंह की भूमिका रही।

## जनपदीय रैली में नगर क्षेत्र की स्काउट गाइड टीमें अपने संवर्ग में रही अव्वल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद अयोध्या की स्काउट गाइड रैली में नगर क्षेत्र के बेसिक विद्यालयों की स्काउट गाइड टीमें अपने संवर्ग में अव्वल रही। स्काउट भवन में आयोजित जनपदीय रैली में महानगर शिक्षा क्षेत्र की स्काउट गाइड की प्रतिभागी टीमें नगर बेसिक संवर्ग में ए ग्रेड के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का मान पूरे जिले में बढ़ाया है। विदित हो कि विगत 10 दिसंबर से आयोजित जनपदीय स्काउट गाइड रैली में महानगर क्षेत्र की बेसिक विद्यालयों की टीमें क्रमशः कम्पोजिट विद्यालय अंगूरी बाग की गाइड टीम ने ए ग्रेड के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है, कंपोजिट विद्यालय लालबाग की स्काउट टीम ने ए ग्रेड के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है व इसी क्रम मे लालबाग की गाइड टीम ने भी ए ग्रेड के साथ अपने संवर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। आज रैली के समापन अवसर पर टीमों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय रैली में सभी टीमों ने अपने उच्च प्रदर्शन से यह स्थान प्राप्त किया है जिसमें टेण्ट– पुल निर्माण, बिना बर्तन के खाना बनाना, मार्च पास्ट, वर्दी, कलर पार्टी आदि के प्रदर्शन के साथ–साथ कैंपफायर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। एनएसएम (नगर) दीप सहाय ने बताया कि टीम लीडर तहसीन बानो प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय अंगूरीबाग, अनीता श्रीवास्तव प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय लालबाग, आरती निषाद के साथ सभी सपोर्टिंग स्टाफ ने कड़ी मेहनत कर यह पुरस्कार प्राप्त किया है। इस अवसर पर महानगर शिक्षा अधिकारी कमला प्रसाद जी ने रैली स्थल पर पहुंचकर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रैली में महानगर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ अरविंद पाठक, गाइड कैप्टन शिप्रा श्रीवास्तव ने भी अपना अमूल्य समय दिया।

## पीएम मोदी जनवरी के पहले हफ्ते में अयोध्या एयरपोर्ट का कर सकते है शिलान्यास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)प्रभु राम की नगरी अयोध्या में प्रस्तावित श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का शिलान्यास जनवरी के पहले सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते है।सूत्र के मुताबिक प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक हर हाल में शिलान्यास की तैयारियां पूरी कर लेने के निर्देश दिए हैं। नंदी ने गत दिनो विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों के साथ अयोध्या सहित अन्य एयरपोर्टों के निर्माण व विकास कार्य की समीक्षा की।इस मौके पर उन्होंने अलीगढ़, मुरादाबाद, आजमगढ़, श्रावस्ती तथा चित्रकूट एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारियां भी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।इन एयरपोर्ट्स का उद्घाटन अयोध्या एयरपोर्ट के शिलान्यास के साथ कराने की तैयारी है।इस मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रथम चरण के लिए निर्धारित 351 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है।अधिकारियों ने बताया कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए विमान सेवा शुरू कर दी गई है।जल्द ही कोलकाता और मुंबई के लिए भी विमान सेवा यहां से शुरू कर दी जाएगी। आरसीएस के तहत विकसित किए जा रहे चित्रकूट एयरपोर्ट के रनवे का कार्य पूरा कर दिया गया है। इस एयरपोर्ट के लाइसेंसिंग की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया गया है। मंत्री नन्दी ने कानपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल बिल्डिंग का काम तेज करने के निर्देश दिए। मुरादाबाद एयरपोर्ट तैयार हो जाने की जानकारी दी गई है।मंत्री ने जेवर एयरपोर्ट की तरह राज्य के अन्य एयरपोर्ट को पीपीपी माडल पर विकसित व संचालित करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक कुमार हर्ष ने बताया कि सभी एयरपोर्ट का विकास कार्य अन्तिम चरण में है।कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत विमानन क्षेत्र के चार नए कोर्सेस संचालित किए जाने की कार्यवाही चल रही है, ये कोर्सेस जल्द शुरू कर दिए जाएंगे।

## आबादी की जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिया दूसरों की खतौनी की जमीन पर चकरोड बना रहे हैं – लीलावती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीकापुर भवानी थाना के अंतर्गत चकरोड निर्माण को लेकर गांव के कुछ लोगों के विरोध करने पर गांव के ही प्रधान प्रतिनिधि अहमद रजा ने मनरेगा कर्मियों से कराई जा रहे काम को रुकवा दिया। कहां की जब तक एसडीएम स्तर तक परमाइश नहीं हो जाती तब तक कोई काम नहीं होगा उक्त जानकारी ग्राम तोरे माफी ग्राम बीकापुर के प्रधान प्रतिनिधि अहमद रजा ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि गांव के चकरोड निर्माण कार्य चल रहा था परंतु कुछ लोगों द्वारा विरोध करने पर पुनः पैमाइश होने तक काम को रोक दिया गया है गांव के लोग जब तक आपस में विचार कर संतुष्ट नहीं हो जाते तब तक निर्माण कार्य नहीं होगा वही गांव के रहने वाली लीलावती ने बताया गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग जो पुरानी आबादी की जमीन पर कब्जा कर पहले से निर्माण कार्य कर रखा हैं अब लेखपाल व गांव के कुछ सर्कस किस के लोगों के साथ सांठगांठ कर किसानों व दूसरों के जमीन पर चकरोड का रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे हैं प्रशासन को चाहिए आबादी की जमीन को क्लियर कर चकरोड बनाएं किसी गरीब की खतौनी की जमीन पर चकरोड ना बनाएं ऐसा ना होने से गरीबों का अहित होगा जबकि फैजाबाद डीडीसी न्यायालय में वाद विचाराधीन है । इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी व तमाम किसान नेता एवं गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## उच्च शिक्षा विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 68 लाख विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट, 20 से शुरू होगा यह कार्यक्रम योगी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि निशुल्क टैबलेट व स्मार्ट फोन किसे–किसे दिया जाएगा। तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को टैबलेट दिए जाएंगे। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे। नोडल एजेंसी यूपीडेस्को की ओर से इसकी खरीद के लिए वित्तीय निविदा पूरी हो गई है। आपूर्ति सैमसंग, एसर और लावा जैसी कंपनियां करेंगी। तीनों कंपनियां 12,700 की दर से टैबलेट आपूर्ति करेंगी, जबकि लावा व सैमसंग एक स्मार्टफोन 10,700 में आपूर्ति करेंगी। प्रदेश सरकार स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरा मेडिकल और नर्सिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययरत 68 लाख विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट देगी। इसके लिए लावा, विशटल, सैमसंग व एसर ने टैबलेट के लिए जबकि लावा व सैमसंग ने स्मार्टफोन के लिए टेंडर डाला था। तकनीकी निविदा में विशटल को अपात्र घोषित कर दिया गया। मूल्यांकन समिति की अनुमति मिलते ही निविदा को कैबिनेट की मंजूरी दिलाई जाएगी। एसीएस औद्योगिक विकास विभाग अरविंद कुमार ने कहा कि इसी महीने से वितरण शुरू हो जाएगा। 20 के बाद शुरू हो जाएगा वितरण जानकारी के मुताबिक टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण 20 दिसंबर के बाद शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों भव्य समारोह में इसका वितरण किया जाएगा। इस पर करीब 4700 करोड़ रुपये की लागत आएगी। 2021 में तकनीकी शिक्षा के तहत अध्ययरत विद्यार्थियों, तकनीकी शिक्षा (डिप्लोमा), आईटीआई में प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों, राजकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेजों, डेंटल कॉलेजों (एमबीबीएस, एमएस, एमडी, बीडीएस) और नर्सिंग कॉलेजों में बीएससी और एमएससी नर्सिंग कोर्स, पैरामेडिकल और नर्सिंग के विद्यार्थियों को। स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों, सेवा मित्र पोर्टल पर पंजीकृत कुशल श्रमिकों, एमएसएमई विभाग की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एससी–एसटी स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना, पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना और ओडीओपी की प्रशिक्षण योजना में पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों को। यूपीडेस्को के एमडी कुमार विनीत ने बताया कि अभी तक 40 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

## पूरा बाजार में चला कांग्रेस सदस्यता अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के प्रतिज्ञा स्लोगन 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' पर पूरा बाजार ब्लाक क्षेत्र में रविवार को कांग्रेस सदस्यता अभियान चलाया गया। अयोध्या की सदर विधानसभा क्षेत्र (275) में चलाए गए अभियान में रीता मौर्य तथा राम नरेश मौर्य के नेतृत्व में गांवों में महा सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें महंगाई, भ्रष्टाचार किसानों को खाद बीज सोसाइटी पर उपलब्ध नहीं है को लेकर के कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन भी किया। चेताया गया अगर अगले एक हफ्ते में हालात में सरकार ने व्यवस्थागत सुधार नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी जनहित में, किसान हित में सड़कों पर आंदोलन करेगी। सदस्यता अभियान पूरे जिले में युद्ध स्तर पर चल रहा है। पार्टी की मजबूत करने के लिए प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी के आवाहन उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने को लेकर के मिशन 2022 चलाया जा रहा है।

## कोऑपरेटिव बैंक इम्पलाइज यूनियन के सुधीर बने महामंत्री

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोऑपरेटिव बैंक इंम्पलाइज यूनियन उ.प्र. की 28 वीं साधारण परिषद की बैठक में संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इस मौके पर कराए गए चुनाव में अयोध्या जनपद के सुधीर सिंह को एक बार फिर से प्रांतीय महामंत्री चुना गया है। बैठक लखनऊ स्थित सहकारिता भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में मुजफ्फरपुर के राजकुमार शर्मा प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। कोऑपरेटिव बैंक इम्पलाइज यूनियन की 28 वीं साधरण परिषद की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम व विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय शामिल हुए। चुनाव कार्यकारिणी के लिए 65 लोगों को चुना गया।इस मौके पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें जिला सहकारी बैंकों का आपस में विलय व कर्मचारियों का नियत समय पर वेतन पुनरीक्षण शामिल रहा। बैठक में प्रदेश के सभी जनपदों से कर्मचारी शामिल हुए।

## 14 दिसम्बर को प्रेस कॉन्फ्रेन्स का आयोजन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (द्वितीय कैम्पस) के तत्वावधान में 'वसुधा इण्टरनेशनल' समारोह का आयोजन 13 व 14 दिसम्बर को आयोजित है। इस अन्तर्राष्ट्रीय समारोह में अमेरिका, इंग्लैण्ड, कुवैत, जार्जिया, जिम्बाव्वे, केन्या, मॉरीशस, जार्डन, मान्टनीग्रो एवं भारत के विभिन्न विद्यालयों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। यह समारोह संयुक्त राष्ट्र संघ के सस्टेनबल डेवलपमेन्ट कार्यक्रम पर आधारित है। 'वसुधा इण्टरनेशनल' के समापन के अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी व सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर (द्वितीय कैम्पस) की प्रधानाचार्या श्रीमती शमीम सिंह पत्रकारों को विस्तार से जानकारी देना चाहते हैं। इस हेतु एक प्रेस कॉन्फ्रेन्स का आयोजन 14 दिसम्बर, मंगलवार को अपरान्हः 1.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया है। सीएमएस के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंडित हरिओम शर्मा ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेन्स की स्वीकृति नियमानुसार ले ली गयी है। प्रेस कान्फ्रेन्स के उपरान्त सम्मानित पत्रकार बन्धु दोपहर के भोजन पर सादर आमन्त्रित हैं।

## अयोध्या सामूहिक विवाह आयोजित कार्यक्रम में वैवाहिक बंधन में बंधे दो सौ से अधिक जोड़े

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाज कल्याण विभाग की ओर से जिले में मिल्कीपुर तहसील के आश्रम पद्धति विद्यालय मुंगीशपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया।सूत्र के मुताबिक इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के तीनों विकासखंड अमानीगंज, हैरिंग्टनगंज और मिल्कीपुर



से लगभग 206 जोड़े दांपत्य परिणय सूत्र में बंधे। मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा ने विवाह बंधन में बंधे जोड़ों को उपहार भेंट किया।इस मौके पर वहाँ पर मौजूद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि समाज के गरीब तबके के लोग इस प्रकार से अपने बेटे और बेटियों की शादी विवाह नहीं कर पाते थे, किंतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच का परिणाम है कि आज समूचे प्रदेश के हर ब्लॉक और तहसील में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जहां सर्व धर्म के लोग एक साथ वैवाहिक जीवन का शुभारंभ करने के लिए दांपत्य परिणय सूत्र में बंध रहे हैं। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से गरीबों सहित आमजन के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और आगामी विधानसभा चुनाव में भी उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार स्थापित कराए जाने में सब के सहयोग की अपील की। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वैवाहिक बंधन में बंधे नवगठित जोड़ों को विधायक की ओर से दैनिक उपयोग के वर्तन, गैस, चूल्हा सहित आभूषण भी भेंट किए गए।इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह, खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर मनीष मौर्य, खंड विकास अधिकारी हैरिंग्टनगंज एवं अमानीगंज अनीश कुमार, विधायक के निजी सचिव महेश ओझा सहित दर्जनों ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा लाभार्थी नव दंपति मौजूद रहे।

## अयोध्या कैंट जीआरपी का सराहनीय कार्य : बिछड़े हुए बालक को उसके परिवार से मिलाया

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या कैंट जीआरपी ने जालौन से भटक कर 13 वर्षीय बालक नाबालिक कुणाल शिवहरे पुत्र अनिल शिवहरे भटक कर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर अकेला घूम रहा था जहां ड्यूटी पर तैनात जीआरपी पुलिस की नजर उस बालक पर पड़ी तो उससे पूछताछ की बालक सही जवाब न दे पाया उसको थाने में लाकर पूछा गया तब उसने अपना पता बताया जहां कैंट जीआरपी अयोध्या ने उनके परिवार से संपर्क साधा भटके हुए कुणाल शिवहरे के परिजन उसके मौसी का लड़का रोहित शिवहरे पुत्र महेश चंद शिवहरे निवासी मुरली मनोहर मुंबई वाला मंदिर जालौन से अयोध्या पहुंचकर बालक को पहचाना और कैंट पुलिस ने कुणाल शिवहरे के परिजन के साथ जालौन की पुलिस भी अयोध्या कैंट जीआरपी पहुंची थी जिसकी देखरेख में बालक को बालक के परिजन के सुपुर्द किया भटके हुए कुणाल शिवहरे के परिजन ने बालक को पाकर अयोध्या जीआरपी कैंट पुलिस का धन्यवाद अदा किया और कहा कि आज जीआरपी अयोध्या कैंट पुलिस के मुस्तैदी के कारण हमारा बच्चा हमको वापस मिल सका।

## कृषि विश्वविद्यालय कें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक पाने वाले छात्रों की सूची

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ डी के द्विवेदी ने 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किए जाने वाले स्वर्ण पदक एवं डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के



मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विद्वत् परिषद के निर्णय एवं सक्षम अधिकारी के अनुमोदन उपरांत विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह, दिनांक 20/12/2021 के अवसर पर कुलाधिपति/कुलपति एवं विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान किए जाने की सूची जारी कर दी गई है। जिसमें कुलाधिपति स्वर्ण पदक 7, कुलपति स्वर्ण पदक की 11 एवं विश्वविद्यालय स्नातक/ स्नातकोत्तर/ पीएचडी स्वर्ण पदक 7 छात्रों को प्रदान किया जाएगा, तथा दीक्षांत समारोह में स्नातक स्तर पर 291, स्नातकोत्तर अस्तर पर 156 तथा पीएचडी हेतु 48 छात्रों को (कुल 495) डिग्री प्रदान की जाएगी।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।